**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

**सूचना / विज्ञप्ति**

**उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस / पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत**
**अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण के आयोजन की सूचना**

संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16) / 2023(टीम–7) दिनांकः अक्टूबर 27 , 2025

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस / पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 हेतु विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16) / 2023, दिनांक 12–12–2023 द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। उक्त क्रम में बोर्ड की समांक सूचना / विज्ञप्ति दिनांकित 25–06–2025 द्वारा उक्त भर्ती के अन्तर्गत **''खो–खो''** खेल विधा में प्राप्त आवेदन पत्रों की आरम्भिक स्कूटनी (Initial scrutiny) के उपरान्त अग्रिम प्रक्रिया के लिए पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन बोर्ड की वेबसाइट पर किया गया है।

2– तदनुक्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उक्त भर्ती अन्तर्गत **''खो–खो''** खेल विधा के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल का परीक्षण निम्नानुसार कराये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

| **क0सं0** | **खेल** | **निर्धारित स्थल** | निर्धारित तिथि **समय–प्रातः 07:00 बजे** |
|---|---|---|---|
| 1 | खो–खो | 35वीं, वाहिनी पीएसी, महानगर, लखनऊ | दिनांकः 06–11–2025 से 07–11–2025 तक |

3– **''खो–खो''** खेल विधा के अभ्यर्थियों के **''अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल** परीक्षण'' के **''प्रवेश पत्र''** बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर अपलोड किये जा रहे हैं।

4– अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गये लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके अपने प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थान पर कलर फोटो चिपका कर अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि / समय पर प्रवेश पत्र एवं प्रवेश पत्र में अंकित मूल अभिलेखों / प्रमाण पत्रों व आधार कार्ड के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेगें। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह अपने प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशें का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये प्रवेश पत्र में अंकित निर्धारित परीक्षण स्थान पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिचित करें। खेल कौशल परीक्षण के दौरान स्टेरायड्स / उत्तेजक / नशीला पदार्थ / प्रतिरूपण (Impersonation) का प्रयोग करने पर परीक्षा से डीबार करते हुये विधिक कार्यवाही की जायेगी।

5– अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर **महत्वपूर्ण निर्देशों** हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

27/10/25

**अपर सचिव (प्रोन्नति)**
**उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**